महत्वपूर्ण एवं खास

बेर तोड़ते वक्त बिजली तार से झुलसा युवक, हालत गंभीर

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा में एक युवक 11 केवी तार की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया है। वह खाना खाने के बाद बेर तोडऩे के लिए छत पर चढ़ा था। वहां चढक़र वह बेर तोड़ रहा था। उसी दौरान यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद युवक छत से नीचे गिर गया। जिसके चलते उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामला करतला ब्लॉक इलाके का है। जानकारी के अनुसार पुरैना निवासी सतीश कुमार ठेका श्रमिक है। जो पदुम ठेकेदार के अंडर काम करता है। शनिवार को वह पुरैना गांव में रेलवे स्टेशन के पास शिक्षक रधु कंवर का पुराना भवन तोडऩे का काम कर रहा था। उसी दौरान दोपहर को उसने खाना खाया था। जिसके बाद यह हादसा हुआ था। बताया गया कि खाना खाने के बाद वह बेर खाने छत पर चढ़ गया। यहीं से वह बेर तोड़ रहा था। कहा जा रहा है कि 11केवी लाइन छत के ऊपर से पेड़ को छूती हुई निकली है। इसी पेड़ में बेर तोडऩे के दौरान वह चपेट में आ गया था। इसके बाद वह छत से नीचे गिरा। जिसके बाद साथ काम कर रहे लोगों ने उसे देखा था। फिर तुरंत ही उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।

यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी पर फूटा गुस्सा, कांग्रेसियों ने किया उग्र रेल रोको आंदोलन

राजनांदगांव (आरएनएस)। डोंगरगढ में सवारी ट्रेनों की देरी से होने वाली परेशानियों को लेकर कांग्रेसियों ने रविवार को उग्र रेल रोको आंदोलन किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर धरना-प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान रेल प्रशासन और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए ट्रेनों का परिचालन समय पर नहीं करने पर हर महीने आंदोलन की चेतावनी दी। आंदोलन के दौरान विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे. धरना-प्रदर्शन के बाद स्टेशन प्रबंधक एके मंडल को रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के नाम से मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा. विधायक भुवनेश्वर बघेल ने कहा कि रेल की समस्याओं को लेकर हमने 15 दिन पहले एक आवेदन दिए थे, जिसके निराकरण की बात रेलवे प्रशासन को कह रहा है, लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं. समस्याओं के बरकरार रहने पर आज आंदोलन किया गया. हमने कालका पारा अंडरब्रिज को प्रारंभ करने, ट्रेनों में होने वाले विलंब में सुधार के साथ बंद लोकल ट्रेनों को शुरू करने की मांग की है।

मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले में दो साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी युवक दुकान में काम करता था। वह दुकान मालिक की बेटी को घर से दुकान लाने गया था। घर में अकेली पाकर युवक ने उनके साथ घिनौनी हरकत की। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। रतनपुर क्षेत्र में रहने वाली 30 वर्षीय महिला दुकान चलाती है। दुकान में शिवमंगल सूर्यवंशी 22 वर्ष काम करता था। महिला ने शिवमंगल को उनकी बेटी को घर से दुकान लाने के लिए भेजा। इस दौरान दो साल की बच्ची को अकेली देखकर आरोपी शिवमंगल की नीयत बिगड़ गई। मौका पाकर वह मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद वह बच्ची को छोडक़र भाग गया। बच्ची के साथ गलत हरकत करते हुए उसके भाई ने देख लिया। वह तत्काल दुकान पहुंचा और अपनी मां को घटना के बारे में बताया। जब तक महिला घर पहुंची तो आरोपी युवक भाग निकला था, वहीं बच्ची घर में रो रही थी। उसे लेकर महिला थाने पहुंची, जहां पुलिस ने बच्ची को अस्पताल भेजा।

सहारा इंडिया धोखाधड़ी मामले में शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

- स्थानीय शाखा प्रबंधक पर 40 लाख रुपए निवेश कराकर हड़प लिए की दर्ज की गई है एफआईआर
- रायगढ़ सिटी कोतवाली ने आरोपित सहारा इंडिया के स्थानीय शाखा प्रबंधक को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़। थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में स्थानीय कबीर चौक स्थित सहारा इंडिया शाखा के तत्कालिक शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश शर्मा व अन्य के विरुद्ध सहारा इंडिया की विश्वसनीयता एवं निवेश प्रोग्राम के संबंध में विज्ञापन दिखाकर 40,00,000 रुपए निवेश कराकर धोखाधड़ी कर हड़प लिए जाने के मामले में शाखा प्रबंधक ओम प्रकाश शर्मा को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता विकाश निगानिया पिता दिनेश निगानिया उम्र 35 वर्ष निवासी कृष्णा विहार कालोनी रायगढ के आवेदन पर 29 सितंबर 2022 को थाना कोतवाली में सहारा इंडिया के स्थानीय शाखा प्रबंधक एवं अन्य आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया गया था ।

शिकायतकर्ता/पीड़ित के बताए अनुसार वर्ष 2014 में सहारा इंडिया के तात्कालीन शाखा प्रबंधक , कबीर चौक ओम प्रकाश शर्मा आ . स्व . रामप्रवेश शर्मा , निवासी केलो विहार , एस.ई.सी.एल. कलोनी के पास रायगढ़ ने सहारा इंडिया की विश्वसनीयता एवं निवेश प्रोग्राम के संबंध में विज्ञापन किया और यह विश्वास दिलाया कि सहारा इंडिया को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तहत निवेश, ब्याज एवं वित्तीय व्यापार करने की अनुज्ञा है और सहारा इंडिया भारतीय रिजर्व बैंक की अनुज्ञा से और गाईडलाईन के अनुसार कार्य करता है तथा इसमें रुपया निवेश करने पर ब्याज और मूल रकम की पूरी गारंटी होती है। उसके कही गई बातों के प्रलोभन में आकर पीड़ित उसकी माता पत्नी व उसकी जमा पूंजी वर्ष 2017 जून से सितंबर 2017 तक कुल 40,00,000 रुपए जमा कराया तत्कालीन शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश के द्वारा बड़े अमाउंट को एक साथ लेने के संबंध में बड़े अधिकारियों से मिलकर एक राय होकर छोटे छोटे प्रारूप में रुपए जमा करने का उत्प्रेरित कर जमा कराया और सहारा सोसाइटी का फार्म जिसमें सहारा इंडिया का लोगो बना हुआ दिखाया और विश्वास दिलाया कि पैसा सहारा इंडिया में जमा हुआ है। शाखा प्रबंधक द्वारा 40,00,000 रुपए को कुल 182 छोटे-छोटे टुकड़ों में जमा कराकर 182 बांड दिया बाद में सहारा इंडिया के विरुद्ध अनेक शहरों में अपराध पंजीबद्ध होने से ज्ञात हुआ कि सहारा इंडिया और सहारा सोसाइटी से इनका कोई संबंध नहीं है, सहारा की सोसाइटी सहारा इंडिया के होलमार्क लोगो सील मुहर और डिपाजिट लेते समय लाभांश ना दर्शा कर मैच्युरिटी और ब्याज जैसे शब्दों का प्रयोग कर धोखा दिया गया है। मामले में कोतवाली पुलिस अपराध क्रमांक 1363/2022 धारा 420 , 120 बी , 34 ताहि एवं छत्तीसगढ़ के निक्षेपों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4,5,6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

सहारा इंडिया द्वारा रायगढ़ जिले के हर तहसील एवं गांव में कार्यालय खोलकर लोगों से रुपए निवेश कराए गए हैं, रिपोर्ट पर शाखा प्रबंधक ओम प्रकाश शर्मा, डायरेक्टर डी. के. अवस्थी उर्फ डी.के. श्रीवास्तव, मैनेजर कुलदीप पांडे, मैनेजर अमृत श्रीवास, मैनेजर ए.के. चंद्रा एवं अन्य लोगों को अपराध में आरोपी बनाया गया है जिनकी पतासाजी की जा रही है। विवेचना दरमियान प्रकरण में छत्तीसगढ़ के निक्षेपों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4,5,6 परिलक्षित नहीं होने पर धारा हटाया गया। इसी क्रम में आज फरार आरोपी शाखा प्रबंधक ओम प्रकाश शर्मा को आज कोतवाली पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। आरोपी ओम प्रकाश शर्मा पिता स्वर्गीय राम प्रवेश शर्मा उम्र 36 वर्ष निवासी केलो विहार कॉलोनी मकान नंबर 435 एसईसीएल ऑफिस के पास रायगढ़ थाना चक्रधर नगर से विस्तृत पूछताछ कर जानकारी प्राप्त किया गया आरोपी ने पीड़ित/ शिकायतकर्ता से रुपए जमा कराकर बॉन्ड पेपर जारी कर बॉन्ड पेपर पर हस्ताक्षर किया गया है तथा रुपए निवेश के संबंध में बड़ी रकम को छोटा-छोटा रकम कराकर बॉन्ड पेपर, दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर धोखाधड़ी कर रुपए जमा कराना पाया गया। प्रकरण में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी शेष है। गिरफ्तार आरोपी ओमप्रकाश शर्मा को आज गिरफ्तार कर सीजेएम न्यायालय न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन पर कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, उपनिरीक्षक आर. एस. तिवारी एवं हमराह स्टाफ की प्रमुख भूमिका रही है।

सबमर्सिबल पंप और केबल वायर चोरी के दो आरोपी पकड़ाए, पूंजीपथरा पुलिस ने भेजा रिमांड पर

रायगढ़। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ग्राम सराईपाली के मकान से चोरी गये सबमर्सिबल पंप और केबल वायर चोरी के दो आरोपियों को अपराध पंजीबद्ध के तत्काल बाद मुखबिरों को सक्रिय कर चोरी के सामनों के साथ पकड़ा गया है। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा आरोपियों को चोरी के अपराध में विधिवत गिरफ्तार कर आज जेएमएफसी घरघोड़ा के न्यायालय पेश किया गया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम सराईपाली में रहने वाले रविशंकर प्रधान गांव के गेट के सामने किराये मकान बनाये हैं, जिसके तीन मकानों में अलग-अलग परिवार रह रहे हैं। किरायेदारों के पानी की व्यवस्था के लिये बोर लगाया गया था। दिनांक 15.12.2022 की रात कालोनी के सबमर्सिबल पंप और केबल तार (कुल कीमत 7,000 रूपये) को कोई चोर चोरी कर ले गया था। पंप और केबल तार चोरी की रिपोर्ट रविशंकर प्रधान के बेटे ब्रजेश प्रधान (उम्र 30 वर्ष) ने दिनांक 15.01.2023 को थाना पूंजीपथरा में दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में अज्ञात आरोपी पर चोरी का अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी पूंजीपथरा द्वारा अपने मुखबिरों को सक्रिय कर सूचना देने निर्देशित किया गया। इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ग्राम सराईपाली के युवक-संतोष राठिया और जगदीश उर्फ गंभू अगरिया को हिरासत में लेकर सबमर्सिबल पंप और केबल तार चोरी के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया। दोनों ही एक माह पहले सबमर्सिबल पंप और केबल तार की चोरी कर छिपाकर रखना बताये। आरोपी- संतोष राठिया पिता अमीर राठिया उम्र 31 वर्ष जगदीश उर्फ गंभू पिता समारू अगरिया उम्र 27 वर्ष दोनों निवासी ग्राम सराईपाली थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़ के मेमोरंडम पर चोरी की सामग्री बरामद कर जप्त किया गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के नेतृत्व में माल मुल्जिम पतासाजी में सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे, प्रधान आरक्षक राधेश्याम कमल एवं हमराह स्टाफ की प्रमुख भूमिका रही है।

सीईओ मिश्रा ने सरसों फसल क्षेत्र का किया निरीक्षण

- धान के बदले दलहन-तिलहन की भी फसल लेने किसानों को किया प्रोत्साहित

रायगढ़। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने आज विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम तरकेला, कोतरा एवं ठाकुरपाली में रबी फसल अन्तर्गत दलहन, तिलहन क्षेत्र विस्तार के तहत कृषि विभाग द्वारा उप संचालक कृषि रायगढ़ के मार्गदर्शन में लगवाये गये वृहद सरसों फसल क्षेत्र का निरीक्षण किया।

सीईओ मिश्रा ने कहा कि जिले के किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने एवं फसलों के चक्रीकरण हेतु कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को शासन की योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन करते हुए हितग्राहियों को जमीनी स्तर पर लगातार आवश्यक मार्गदर्शन दिया जा रहा है। साथ ही धान के बदले अन्य फसलों जैसे दलहन-तिलहन फसलों को लेकर किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्पादन और क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से देखा जाये तो खाद्य तेल के रूप में प्रयोग होने वाली फसलों में सरसों प्रमुख तिलहन फसलों में से एक हैं। सरसों की फसल कम पानी की दशा में पककर अच्छा मुनाफा देने वाली खेती में से एक है। कृषि विभाग द्वारा सरसों फसल क्षेत्र विस्तार हेतु विभागीय योजनाए जैसे टी.आर.एफ.ए.,द्विफसली क्षेत्र विस्तार में फसल प्रदर्शन एवं नि:शुल्क मिनिकीट बीज प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाता है। रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-तरकेला में 80 एकड़, कोतरा में 95 एकड़ और ठाकुरपाली में 150 एकड़ में कृषकों ने सरसों की खेती किए है।

सरसों की खेती कर रहे कृषकों ने किया अनुभव साझा-

सीईओ मिश्रा ने आज निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के कृषकों से उनके द्वारा लगाये गये सरसों की खेती के बारे में चर्चा की और उन्होंने उनका अनुभव जाना। इस दौरान तरकेला के कृषक विजय चौधरी, कोतरा के भागीरथी डनसेना एवं ठाकुरपाली के घनश्याम पटेल, झनकराम पटेल, लक्ष्मीणारायाण पटेल एवं रघुनाथ पटेल ने बताया कि बार-बार धान की फसल लेने से उत्पादन में कमी आती है एवं भूमि की उर्वरता क्षीण होती जाती है तथा रबी मौसम की धान की फसल का बाजार भाव बहुत ही कम रहता है, जिसके कारण सरसों की फसल से लाभ होना बताया और भविष्य में अधिक क्षेत्र में दलहन, तिलहन फसल लगाने की बात कही। सरसों फसल लगाने से लागत में कमी होने और उचित बाजार मूल्य प्राप्त होने से कृषकों का रूझान बढ़ा है। बाजार में फसल कटने पर 55-60 रू. प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय कर लेते है और प्रति एकड़ 5-6 क्विंटल तक उपज मिल जाता है। जिससे प्रति एकड़ लगभग 20-25 हजार रूपये लाभ प्राप्त हो जाता है।

इस मौके पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी हरिश कुमार राठौर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अभिषेक पटेल, कृषि विकास अधिकारी निलांबर प्रसाद सिदार, दाताराम नायक, प्रहलाद पटेल, तरूण पटेल, बी.डी.सी. कोतरा अजय पाल डनसेना ग्राम के कृषकगण उपस्थित रहे।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने 46.40 लाख रु. के विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण

- खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न गांवों के दौरे पर पहुंचे उमेश पटेल
- बानीपाथर के आंगनबाड़ी केन्द्र भी पहुंचे, बच्चों को मिलने वाले पौष्टिक आहार की ली जानकारी

रायगढ़। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल आज खरसिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देते हुए 46.40 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल सर्वप्रथम बानीपाथर पहुंचे और यहां लोगों से मुलाकात की। इसके साथ ही वे चोढ़ा, भालूनारा, देहजरी एवं नावापारा गांवों का भी दौरा किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कल तक जो सुविधाएं केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित थी, आज वह शासन की योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंच रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हमारी परंपरा व संस्कृति को राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम बानीपाथर में सीसी रोड के कार्य आज पूर्ण हो चुके है तथा अन्य सीसी रोड के कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही हॉस्टल के लिए पहुंच मार्ग तैयार किया जाएगा। शासन ग्रामीण, किसान, मजदूरों के लिए विशेष रूप से योजनाएं तैयार कर संचालित कर रही है। शासन की योजनाएं चाहे धान खरीदी हो या वनोपज का समर्थन मूल्य अथवा भूमिहीन किसानों के लिए राजीव गांधी कृषि ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना सभी योजनाओं से ग्रामीणों और किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल के माध्यम से बच्चों को बिना फीस के चिंता किए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढऩे का मौका मिल रहा है। जिससे वे भविष्य की प्रतियोगी माहौल के लिए ज्यादा बेहतर तरीके से तैयार हो सके। उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने इस दौरान बानीपाथर के मॉडर्न आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया एवं बच्चों से मिले। वहां उन्होंने बच्चों को मिलने वाले पौष्टिक आहार की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी स्टॉफ को बच्चों का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित आहार समय से बच्चों को देने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने स्थानीय स्तर की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने अधिकारियों को समस्याओं के जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण- उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने आज 46 लाख 40 हजार रुपये के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें ग्राम बानीपाथर में 10.50 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन एवं 1 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक चबुतरा, ग्राम-देहजरी में दो आंगनबाड़ी भवन के लिए 12.90 लाख रुपये, पचरी निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपये, ग्राम-नावागांव में मल्टी एक्टीविटी शेड के लिए 6.70 लाख रुपये, वर्मी टांका के लिए 4.80 लाख रुपये, वर्मी भण्डारण के लिए 1 लाख रुपये, मुर्गीपालन शेड के लिए 4.50 लाख रुपये, चबुतरा निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपये तथा चबुतरा निर्माण के लिए 2 लाख रुपये का लोकार्पण कार्य शामिल है।

पीएम आवास योजना से बदल रही गांवों की तस्वीर

- बोड़ा, बिलाईगढ़ निवासी गनेशी बाई पक्के मकान में बिता रहीं अब खुशहाल जीवन

सारंगढ़-बिलाईगढ़। जिले के विकासखण्ड बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत बोड़ा में निवासरत गनेशी बाई को पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2018-19 में पक्का आवास स्वीकृत हुआ। योजना का लाभ मिलने से पहले गनेशी बाई कच्चे मकान में जैसे-तैसे गुजर-बसर कर रही थी। उन्होंने बताया कि मकान कच्चा होने से बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बारिश में उनका मकान क्षतिग्रस्त तो होता ही था और साथ में घर की दीवारों में पानी का रिसाव होने से पूरे घर में नमी बनी रहती थी। साथ ही दीवार जर्जर होने के कारण जहरीले कीड़ों और सांप की समस्या भी होने लगी थी। इन सब समस्याओं से अब उन्हें निजात मिल गई है। योजना का लाभ मिलने से गनेशी बाई बहुत ही खुश हैं। उन्होंने कहा कि पक्का आवास बन जाने से अब मौसम की चिंता भी नहीं रहती है। अब वे निंश्चित होकर अपने पक्के मकान में रहती हैं और योजना का लाभ पाकर उन्होंने शासन को धन्यवाद ज्ञापित की है।

कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ की नवाचार कच्ची हल्दी का अचार

रायगढ़। कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा प्रदेश में पहली बार नवाचार व आवश्यकता को देखते हुए कच्ची हल्दी का अचार बनाया गया। यह नवाचार प्रदेश में प्रथम नवाचार है, स्वास्थ के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता एवं मांग को ध्यान में रखते हुए। मसाला वर्गीय फसलों की वैज्ञानिक खेती अनुसंधान व प्रचार-प्रसार कार्य को आगे बढ़ाते हुए रायगढ़ कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने व उद्यमिता विकास के उद्देश्य की पूर्ति हेतु कच्ची हल्दी का अचार बनाया गया। जिसे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ.गिरीश चंदेल एवं निर्देशक विस्तार सेवायें डॉ. अजय वर्मा द्वारा विशेष जोर देते हुए इस कार्य की सराहना की व कार्य को आगे बढ़ाने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया।

कच्ची हल्दी सूखी हल्दी की तुलना में अधिक गुणों से भरपूर है। कच्ची हल्दी में सबसे ज्यादा एंटी बैक्टिरीयल, एंटीआक्सीडेंट, एंटीफंगल, तत्व मौजूद होते है। ये तीनों तत्व शरीर को कई रोगों से बचाए रखने में मदद करते है। साथ ही कच्ची हल्दी में विटामिन सी, विटामिन के, पोटेशियम, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्निशियम, कॉपर, जिंक, फास्फोरस, थाईमिन, राइबोफ्लेविन, जैसे पोषक तत्व पाये जाते है। ये सभी गुण रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, कैंसर से बचाव, वजन कम करने, डायबिटीज, सर्दी, खासी, गले की खरास दूर करने व पाचन शक्ति बढ़ाने में लाभदायक है। कच्ची हल्दी के अचार से लगभग 563 कैलोरी ऊर्जा, 8.8 ग्राम प्रोटीन, 23 ग्राम वसा, 2736 मिली ग्राम पोटेशियम, 3087 मि. ग्राम सोडियम प्राप्त होता है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के छठवें दिन लाइसेंस कैंप में 386 चालकों को मिला लर्निंग लाइसेंस

- लाइसेंस प्राप्त करने वालों को यातायात पुलिस ने दिलाई ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ

रायगढ़। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के 2023 के छठवें दिन परिवहन विभाग और यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय में लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। 16 जनवरी को कैंप लगाकर लर्निंग लाइसेंस जारी करने के संबंध में लगातार यातायात पुलिस प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आमजनों को दिया गया था जिससे रायगढ़ मुख्यालय सहित आसपास तहसील के युवक-युवतियों द्वारा लर्निंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन अप्लाई किया गया। सुबह 10.00 बजे से 03.00 बजे तक रामलीला मैदान में आयोजित कैंप में 386 चालकों को लर्निंग लाइसेंस वितरित किया गया है । शिविर लगाए जाने की मंशा थी कि अधिक से अधिक लोगों को लर्निंग लाइसेंस प्राप्त हो जिसे आगे वे स्थायी ड्राइविंग लाइसेन्स लेकर वाहन चलावें। इस कैंप में विशेष बात रही कि ज्यादातर लर्निंग लाइसेंस के लिए अप्लाई करने वाले किशोर लड़के-लडकियां थी जिन्हें यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा बेसिक यातायात नियमों की जानकारी देकर ट्रैफिक नियमों का पालन करने का शपथ दिलाया गया। इस शिविर से जहां लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर नये वाहन चालक लाभवान्वित हुए वहीं यातायात को लेकर जागरूकता फैलाने के कार्य में शिविर का आयोजन सफल रहा है।

सड़क सुरक्षा को लेकर आज यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न चेक पाइंट पर 326 मोटरसाइकिल 142 मध्यम वाहन कार, जीप, टैक्सी एवं 800 भारी वाहन में रेडियम पट्टी लगाया गया तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग में नगरी प्रशासन विभाग के सहयोग से पीली पट्टी मार्किंग कराया गया व सभी सिग्नल प्वाइंटों में जेबरा क्रॉसिंग एवं स्टाफलाइन बनवाया गया है।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत रायगढ़ पुलिस अलग-अलग कार्यक्रमों से वाहन चालकों और आमलोगों को जागरुक कर ट्रैफिक नियम के पालन की अपील कर रही है। थाना प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम एवं चौकी प्रभारी खरसिया अपने स्टाफ के साथ महात्मा गांधी कॉलेज जाकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दिया गया। थाना प्रभारी खरसिया ने छात्रों से कहा गया कि देश के कानूनों का पालन करना हर जिम्मेदार नागरिक की जिम्मेदारी है जिनमें ट्रैफिक नियमों का पालन करना दूसरों की सुरक्षा के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा के लिये बेहद जरूरी है। इस दौरान खरसिया पुलिस द्वारा कॉलेज स्टूडेंट्स को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई।

पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ट्रामा सेंटर पूंजीपथरा में भारी वाहन चालकों के आंखों की जांच व स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें सैकड़ों वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान ड्राइवर्स द्वारा वाहन चालकों को दवाइयों के वितरण से लेकर आगे की जांच के लिए सलाह भी दिया गया। साथ ही थाना पूंजीपथरा स्टाफ तथा यातायात पुलिस के साथ भारी वाहनों में रिफ्लेक्टर रेडियम लगाया गया तथा उन्हें यातायात नियमों का पालन करने हिदायत दिया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480